**Series GEFH1/4**

**SET ~ 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/4/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book. *

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| **नोट / NOTE :** | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***30*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के* ***एक-एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***18*** *तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के* ***दो-दो*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***50*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***23*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***चार-चार*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***26*** *तक अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***छह–छह*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***170*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के* ***एक-एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।* *12×1=12*

**1.** निम्नलिखित में से कौन अपारम्परिक सुरक्षा के लिए एक ख़तरा है ?

(a) युद्ध

(b) हथियारों का निर्माण

(c) आतंकवाद

(d) आन्तरिक गड़बड़ी (अशांति)

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन नीति आयोग के बारे में सही है ?

(a) नीति आयोग का गठन 25 जनवरी, 2015 को हुआ था ।

(b) यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अन्तर्गत आता है ।

(c) इसका पूरा रूप 'न्यू इन्स्टीट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मिंग इण्डिया' है ।

(d) यह सहकारी संघवाद की भावना से काम करता है ।

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** sections – Section **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A** – Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** – Questions no. **13** to **18** are Short Answer (SA) type questions, carrying **2** marks each. Answers to these questions should not exceed **50** words each.*

*(v)* *In **Section C** – Questions no. **19** to **23** are Long Answer (LA) type questions, carrying **4** marks each. Answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *In **Section D** – Questions no. **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions.*

*(vii)* *In **Section E** – Questions no. **27** to **30** are Long Answer (LA) type questions, carrying **6** marks each. Answers to these questions should not exceed **170** words each.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** Which among the following is a threat to non-traditional security ?

(a) War

(b) Manufacturing of weapons

(c) Terrorism

(d) Internal disturbances

**2.** Which one of the following statements about NITI Aayog is correct ?

(a) NITI Aayog was formed on 25$^{th}$ January, 2015.

(b) It comes under the Ministry of Commerce and Industry.

(c) Its full form is ‘New Institute for Transforming India’.

(d) It acts in the spirit of cooperative federalism.

**3.** राष्ट्रों के बीच रक्षा मामलों में नियमित आधार पर सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को किस रूप में जाना जाता है ?

(a) विश्वास बहाली के उपाय

(b) शस्त्र नियंत्रण

(c) गठबंधन

(d) निरस्त्रीकरण

**4.** भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से सही कथनों को चुनिए :

(i) नेहरू गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के सह-संस्थापक थे ।

(ii) बांडुंग सम्मेलन ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना की नींव रखी ।

(iii) भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की नीति की वकालत की क्योंकि वह सैन्य गठबंधनों से दूर रहना चाहता था ।

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i), (ii) और (iii)

(b) (i) और (ii)

(c) (i) और (iii)

(d) (ii) और (iii)

**5.** नीचे दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।

*अभिकथन (A) :* 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान भारत में बहुत बड़ी संख्या में शरणार्थी आए ।

*कारण (R) :* पाकिस्तान ने भारतीय अर्थव्यवस्था को क्षति पहुँचाने के लिए शरणार्थी भेजने की योजना बनाई थी ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**3.** A process of exchanging information on defence matters between nations on a regular basis is known as ___________.

(a) Confidence-Building Measures

(b) Arms Control

(c) Alliance

(d) Disarmament

**4.** From the following statements about India's Non-Alignment Policy, choose the correct ones :

(i) Nehru was the co-founder of Non-Aligned Movement (NAM).

(ii) Bandung Conference led to the establishment of NAM.

(iii) India advocated the policy of NAM because it wanted to keep away from the military alliances.

Choose the correct option :

(a) (i), (ii) and (iii)

(b) (i) and (ii)

(c) (i) and (iii)

(d) (ii) and (iii)

**5.** Two statements are given below — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (a), (b), (c) and (d) given below.

*Assertion (A) :* There was a large-scale migration of refugees into India during the 1971 war with Pakistan.

*Reason (R) :* Pakistan had planned the migration to disturb the Indian economy.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**6.** नीचे दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।

*अभिकथन (A) :* गोर्बाचेव के पश्चिम के साथ संबंधों को सामान्य बनाने तथा सोवियत संघ को लोकतांत्रिक रूप देने और वहाँ सुधार करने के कुछ अन्य फैसलों के ऐसे भी प्रभाव थे जिनका किसी को कोई अंदाज़ा नहीं था ।

*कारण (R) :* पूर्वी यूरोपीय देशों के लोग, जो सोवियत गुट का हिस्सा थे, गोर्बाचेव के प्रत्येक फैसले का समर्थन करने लगे थे ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**7.** भारत में परमाणु कार्यक्रम का प्रारम्भ निम्नलिखित में से किसने किया था ?

(a) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(b) सी. श्रीनिवासन

(c) होमी जे. भाभा

(d) विक्रम साराभाई

**8.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन 'स्वतंत्रता के बाद किए गए विकास' से संबंधित राजनीतिक निर्णयों के बारे में सही हैं ?

(i) लगभग सभी सहमत थे कि भारत के विकास का अर्थ आर्थिक संवृद्धि और सामाजिक-आर्थिक न्याय दोनों होना चाहिए ।

(ii) इस बात पर भी सहमति बनी कि यह मामला व्यापारियों, उद्योगपतियों और किसानों पर नहीं छोड़ा जा सकता ।

(iii) केवल सरकार को न्यायोचित विकास सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए ।

(iv) सभी राजनीतिक दलों से सलाह-मशविरा और जनता की स्वीकृति हासिल करना जरूरी था ।

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i), (ii) और (iii) (b) (i), (ii) और (iv)

(c) (ii), (iii) और (iv) (d) (i), (iii) और (iv)

**6.** Two statements are given below — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (a), (b), (c) and (d) given below.

*Assertion (A) :* Gorbachev's decision to normalize relations with the West and democratise and reform the Soviet Union had some other effects that no one anticipated.

*Reason (R) :* The people in the East European countries which were part of the Soviet bloc, had started to support Gorbachev in his every decision.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**7.** Who among the following initiated the nuclear programme in India ?

(a) A.P.J. Abdul Kalam

(b) C. Srinivasan

(c) Homi J. Bhabha

(d) Vikram Sarabhai

**8.** Which of these statements about the political decisions taken after independence related to development are correct ?

(i) Almost everyone agreed that the development of India should mean both economic growth and social-economic justice.

(ii) It was also agreed that this matter cannot be left to businessmen, industrialists and farmers.

(iii) Only the government should play a key role to ensure growth with justice.

(iv) It was necessary to consult all political parties and get public approval.

Choose the correct option :

(a) (i), (ii) and (iii) (b) (i), (ii) and (iv)

(c) (ii), (iii) and (iv) (d) (i), (iii) and (iv)

**9.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) कांग्रेस पार्टी में विभाजन

(ii) इन्दिरा गाँधी द्वारा आपातकाल को लागू करना

(iii) पाँचवा आम चुनाव

(iv) लाल बहादुर शास्त्री की प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति

सही विकल्प चुनिए :

(a) (i), (iv), (ii), (iii)

(b) (ii), (iv), (i), (iii)

(c) (i), (ii), (iii), (iv)

(d) (iv), (i), (iii), (ii)

**10.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन 'अरब स्प्रिंग' के बारे में सही ***नहीं*** हैं ?

(i) इसकी शुरुआत 2008 में हुई ।

(ii) यह संघर्ष आतंकवाद और प्रदूषण के विरुद्ध था ।

(iii) यह आन्दोलन भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी के विरुद्ध था ।

(iv) यह मूल रूप से लोकतंत्र की माँग के लिए था ।

सही विकल्प चुनिए :

(a) केवल (ii) और (iv)

(b) केवल (iii) और (iv)

(c) केवल (i) और (ii)

(d) केवल (i) और (iii)

**11.** किस आम चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी ने पहली बार केंद्र में अपना प्रभुत्व खो दिया ?

(a) तीसरा आम चुनाव

(b) चौथा आम चुनाव

(c) पाँचवाँ आम चुनाव

(d) छठा आम चुनाव

**12.** पाकिस्तान का पहला सैनिक शासक कौन था ?

(a) याह्या खान

(b) अयूब खान

(c) ज़ियाउर रहमान

(d) जनरल मुशर्रफ

9. Arrange the following in chronological order :

(i) Split in Congress Party

(ii) Imposition of Emergency by Indira Gandhi

(iii) Fifth General Elections

(iv) Appointment of Lal Bahadur Shastri as Prime Minister

Choose the correct option :

(a) (i), (iv), (ii), (iii)

(b) (ii), (iv), (i), (iii)

(c) (i), (ii), (iii), (iv)

(d) (iv), (i), (iii), (ii)

10. Which of the following statements about the 'Arab Spring' are ***not*** correct ?

(i) It began in 2008.

(ii) The struggle was against terrorism and pollution.

(iii) It raised its voice against corruption and unemployment.

(iv) It was basically a demand for democracy.

Select the correct option :

(a) (ii) and (iv) only

(b) (iii) and (iv) only

(c) (i) and (ii) only

(d) (i) and (iii) only

11. After which general election did the Congress Party lose its dominance for the first time at the Centre ?

(a) Third general election

(b) Fourth general election

(c) Fifth general election

(d) Sixth general election

12. Who was the first military ruler of Pakistan ?

(a) Yahya Khan

(b) Ayub Khan

(c) Ziaur Rahman

(d) General Musharraf

## खण्ड ख

**13.** भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति का विश्लेषण कीजिए । *2*

**14.** 1977 के आम चुनावों में दक्षिणी राज्यों में कांग्रेस की जीत के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । $2\times1=2$

**15.** संयुक्त राष्ट्रसंघ की किन्हीं चार एजेन्सियों के नाम लिखिए । $4\times\frac{1}{2}=2$

**16.** नीति आयोग के किन्हीं दो कार्यों का मूल्यांकन कीजिए । $2\times1=2$

**17.** गठबन्धन की सरकारों के लिए विभिन्न प्रकार के हितों को समायोजित और एकत्र करना क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**18.** यूनिसेफ के किन्हीं दो कार्यों को उजागर कीजिए जो इसे संयुक्त राष्ट्रसंघ का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं । $2\times1=2$

## खण्ड ग

**19.** 'वीटो शक्ति' का क्या अभिप्राय है ? ऐसे किन्हीं चार देशों के नाम लिखिए जिन्हें यह शक्ति प्राप्त है । $2+2=4$

**20.** अगस्त 2019 में, भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया । इस बदलाव के किन्हीं चार प्रभावों को उजागर कीजिए । $4\times1=4$

**21.** "हाल के वर्षों में हुए भारत के प्रभावशाली प्रौद्योगिकीय विकास ने देश को अमरीका का एक आकर्षक भागीदार बना दिया है ।" कथन के पक्ष में कोई चार उदाहरण दीजिए । $4\times1=4$

**22.** "वैश्वीकरण ने राष्ट्र-राज्यों की शक्ति का स्थानांतरण वैश्विक उपभोक्ताओं को कर दिया है ।" कथन के पक्ष में दो तर्क दीजिए । $2\times2=4$

**23.** आपातकाल को भारतीय राजनीति की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक क्यों समझा जाता है ? किन्हीं चार कारणों का विश्लेषण कीजिए । $4\times1=4$

## SECTION B

**13.** Analyse India's policy of Non-alignment. *2*

**14.** Explain any two reasons for the victory of Congress in the Southern States in the general election of 1977. *2×1=2*

**15.** Name any four agencies of the United Nations. $4\times\frac{1}{2}=2$

**16.** Evaluate any two functions of NITI Aayog. *2×1=2*

**17.** Why is it necessary for coalition governments to accommodate and aggregate variety of interests ? Explain. *2*

**18.** Highlight any two functions of UNICEF which make it a significant part of the United Nations. *2×1=2*

## SECTION C

**19.** What is meant by 'Veto Power' ? Name any four countries that enjoy veto power. *2+2=4*

**20.** In August 2019, Article 370 was abrogated from the Indian Constitution. Highlight any four effects of this change. *4×1=4*


**21.** "India's impressive technological growth in recent years has made the country an attractive partner of US." Support the statement giving any four examples. *4×1=4*

**22.** "Globalisation has shifted power from nation-states to global consumers." Support the statement with two arguments. *2×2=4*

**23.** Why is Emergency considered to be one of the most controversial episodes in Indian politics ? Analyse any four reasons. *4×1=4*

## खण्ड घ

**24.** नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*



(i) दिया गया चित्र निम्नलिखित में से किस देश से सम्बन्धित है ?

(a) म्यांमार (b) नेपाल

(c) बांग्लादेश (d) श्रीलंका

(ii) दिए गए चित्र में दर्शाया गया स्मारक निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?

(a) शान्तिनिकेतन (b) कलकत्ता यूनिवर्सिटी

(c) बर्मा यूनिवर्सिटी (d) ढाका यूनिवर्सिटी

(iii) चित्र से सम्बन्धित घटना किस वर्ष में घटित हुई थी ?

(a) 1950 (b) 1975


(c) 1982 (d) 1987

(iv) इस स्मारक के लिए कौन-सा सैनिक शासक उत्तरदायी था ?

(a) जनरल मुशर्रफ (b) ले. जनरल एच.एम. इरशाद

(c) ज़ियाउर रहमान (d) ज़िया-उल-हक

**24.** Study the given picture and answer the questions that follow : *4×1=4*




(i) The given picture belongs to which one of the following countries ?

(a) Myanmar (b) Nepal

(c) Bangladesh (d) Sri Lanka

(ii) The memorial shown in the picture is located at which one of the following places ?

(a) Shantiniketan (b) Calcutta University

(c) Burma University (d) Dhaka University

(iii) When did the incident related to the picture happen ?

(a) 1950 (b) 1975

(c) 1982 (d) 1987

(iv) Which military ruler was the cause for this memorial ?

(a) General Musharraf (b) Lt. General H.M. Ershad

(c) Ziaur Rahman (d) Zia-ul-Haq

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **24** के स्थान पर हैं ।* *4×1=4*

(24.1) भूटान के विकास में सहायता का सबसे बड़ा स्रोत कौन-सा देश है ?

(a) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

(b) रूस

(c) भारत

(d) चीन

(24.2) दक्षिण एशिया का वह देश जो चारों तरफ से जमीन से घिरा हुआ है, है :

(a) मालदीव

(b) बांग्लादेश

(c) नेपाल

(d) पाकिस्तान

(24.3) पूर्वी पाकिस्तान में, पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व के खिलाफ लोकप्रिय संघर्ष किसके नेतृत्व में किया गया था ?

(a) शेख मुजीबुर रहमान

(b) शेख मुजीब मोहम्मद

(c) जनरल याहिया खान

(d) ले. जनरल एच.एम. इरशाद

(24.4) सात दलों का गठबंधन किस देश से सम्बन्धित है ?

(a) भूटान

(b) नेपाल

(c) भारत

(d) पाकिस्तान

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***24****.* *4×1=4*

(24.1) Which country is Bhutan's biggest source of developmental aid ?

(a) USA

(b) Russia

(c) India

(d) China

(24.2) A landlocked country of South Asia is :

(a) Maldives

(b) Bangladesh

(c) Nepal

(d) Pakistan

(24.3) In East Pakistan, the popular struggle against the domination of West Pakistan was led by which one of the following leaders ?

(a) Sheikh Mujibur Rahman

(b) Sheikh Mujib Mohammed

(c) General Yahya khan

(d) Lt. General H.M. Ershad

(24.4) The Seven Party Alliance is related to which country ?

(a) Bhutan

(b) Nepal

(c) India

(d) Pakistan

**25.** निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नेता द्वि-राष्ट्र सिद्धांत में विश्वास नहीं करते थे, फिर भी विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था । मुस्लिम लीग का गठन औपनिवेशिक भारत में मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए किया गया था । यह मुसलमानों के लिए अलग राष्ट्र की माँग करने में सबसे आगे थी ।

(i) विभाजन के समय निम्नलिखित में से किस राज्य को धार्मिक बहुलता के आधार पर विभाजित किया गया था ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) गुजरात

(c) बंगाल

(d) जम्मू और कश्मीर

(ii) निम्नलिखित में से किस रजवाड़े के शासक ने सबसे पहले भारत से अलग स्वतंत्र रहने की घोषणा की थी ?

(a) हैदराबाद

(b) मणिपुर

(c) जूनागढ़

(d) त्रावणकोर

(iii) मुस्लिम लीग का गठन क्यों किया गया था ?

(a) 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' प्रस्तावित करने के लिए

(b) एक नया राष्ट्र पाकिस्तान बनाने के लिए

(c) पाकिस्तान का संविधान तैयार करने के लिए

(d) औपनिवेशिक भारत में मुसलमानों के हितों की रक्षा करने के लिए

**25.** Read the passage given below and answer the questions that follow : *4×1=4*

The leaders of the Indian national struggle did not believe in the two-nation theory. And yet, the partition on religious basis had taken place. The Muslim League was formed to protect the interests of the Muslims in colonial India. It was in the forefront of the demand for a separate Muslim nation.

(i) At the time of partition, which one of the following States was divided on the basis of religious majority ?

(a) Uttar Pradesh

(b) Gujarat

(c) Bengal

(d) Jammu and Kashmir

(ii) Which one of the following Princely States was the first to announce to remain independent and not to join the Union of India ?

(a) Hyderabad

(b) Manipur

(c) Junagarh

(d) Travancore

(iii) Why was the Muslim League formed ?

(a) To propose 'two-nation theory'

(b) To form a new nation named Pakistan

(c) To prepare the constitution of Pakistan

(d) To protect the interests of the Muslims in colonial India

(iv) विभाजन के बारे में भारत की अन्तरिम सरकार का क्या रुख था ?

(a) वह किसी भी सूरत में विभाजन नहीं चाहती थी ।

(b) वह शांति, सद्भाव और धर्म की समानता चाहती थी ।

(c) वह भारत को एक हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहती थी ।

(d) वह व्यक्तियों के साथ धार्मिक आधार पर व्यवहार चाहती थी ।

**26.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ तथा Ⓓ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार लिखिए : *4×1=4*

(i) भारत के पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरी से सम्बन्धित राज्य ।


(ii) कांग्रेस के नेता के. कामराज से सम्बन्धित राज्य ।

(iii) वह राज्य जहाँ से "आया राम, गया राम" जुमले का जन्म हुआ ।

(iv) 1965 – 1967 में सबसे गंभीर खाद्य संकट का सामना करने वाला राज्य ।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

प्रश्न सं. 26 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
A
B
C
D
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

(iv) What was the stand of the Interim Indian Government on partition ?

(a) It was against partition.

(b) It wanted peace, harmony and equality of religion.

(c) It wanted India to become a Hindu nation.

(d) It was in favour of treating people on religious basis.

**26.** In the given political outline map of **India** (on page 21), four States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify these States on the basis of information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

(i) The State related to V.V. Giri, the former President of India.


(ii) The State related to the Congress leader, K. Kamaraj.

(iii) The State from where the phrase, "Aya Ram, Gaya Ram" originated.

(iv) The State which faced the most acute food crisis in 1965 – 1967.

| Sr. no. of the information used | Concerned alphabet in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

For question no. 26



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***26*** *के स्थान पर हैं ।* *4×1=4*

(26.1) भारत के पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरी से सम्बन्धित राज्य का नाम लिखिए ।

(26.2) कांग्रेस के नेता के. कामराज किस राज्य से सम्बन्धित थे ?

(26.3) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ से प्रसिद्ध जुमले, "आया राम, गया राम" का जन्म हुआ ।

(26.4) 1965 – 67 में किस राज्य को सबसे गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पड़ा था ?

## खण्ड ङ

**27.** (क) समकालीन विश्व में आसियान की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) "चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार के बावजूद चीन में सभी को आर्थिक सुधारों का लाभ नहीं मिला ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क लिखिए । *3×2=6*

**28.** (क) एन.डी.ए. III और एन.डी.ए. IV के दौरान भारतीय राजनीति में हुए किन्हीं तीन प्रमुख बदलावों को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) 2004 के लोक सभा चुनावों के बाद भारत के अधिकांश राजनीतिक दलों के बीच किन्हीं तीन बिन्दुओं पर उभरी सहमति को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**29.** (क) भूतपूर्व सोवियत संघ में सोवियत प्रणाली की किन्हीं चार विशेषताओं को उजागर कीजिए । $4 \times 1\frac{1}{2} = 6$

**अथवा**

(ख) "पूर्व-सोवियत गणराज्यों में साम्यवाद से पूँजीवाद में संक्रमण आसान नहीं था ।" किन्हीं तीन तर्कों की सहायता से कथन का समर्थन कीजिए । *3×2=6*

**30.** (क) वैश्विक राजनीति के लिए महत्त्वपूर्ण किन्हीं तीन पर्यावरण सम्बन्धी चिन्ताओं को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) किन्हीं तीन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय आन्दोलनों एवं उनके महत्त्व को उजागर कीजिए । *3×2=6*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26****.* *4×1=4*

(26.1) Name the State related to the former President of India, V.V. Giri.

(26.2) Name the State to which the Congress leader K. Kamaraj belonged.

(26.3) Name the State from where the famous phrase, "Aya Ram, Gaya Ram" originated.

(26.4) Which State faced the most acute food crisis in 1965 – 67 ?

## SECTION E

**27.** (a) Evaluate the role of ASEAN in the contemporary world. *6*

**OR**

(b) "In spite of the improvement in the Chinese economy, not everyone in China has received the benefits of economic reforms." Support the statement with three arguments. *3×2=6*

**28.** (a) Highlight any three major developments that took place in Indian politics during NDA III and NDA IV. *3×2=6*

**OR**

(b) Highlight any three points of consensus that emerged among most political parties in India after the Lok Sabha Elections, 2004. *3×2=6*

**29.** (a) Highlight any four features of the Soviet system in the erstwhile USSR. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**OR**

(b) "The transition from Communism to Capitalism in Pre-Soviet Republics was not a smooth one." Support the statement with the help of any three arguments. *3×2=6*

**30.** (a) Highlight any three environmental concerns significant to global politics. *3×2=6*

**OR**

(b) Highlight any three international environmental movements and their importance. *3×2=6*